कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II उ.प्र., प्रयागराज

पत्रांक- ले.ह.-2/03/ **दिनांकः** __/06/2021

सेवा में,

वित्त नियंत्रक,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ

विषय- वित्तीय वर्ष 2020-21 के चतुर्थ त्रैमास के आंकड़ों का मिलान कराने के संबंध में।

महोदय,

खंडो द्वारा चतुर्थ त्रैमास के आंकड़ों के मिलान हेतु विभिन्नता विवरण प्रपत्र इस कार्यालय में पूर्व निर्धारित तिथि 25 मई तक प्राप्त हो जाने चाहिए थे किन्तु दिनांक 04-06-2021 तक सिंचाई विभाग के 367 खंडों में से केवल 200 खंडों के विभिन्नता विवरण मिलान हेतु प्राप्त हुए हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से अधीनस्थ अधिकारियों को मिलान हेतु चतुर्थ त्रैमासिक विभिन्नता विवरण निर्धारित प्रारूप में दिनांक 08-06-2021 तक इस कार्यालय में प्राप्त कराने हेतु निर्देशित करें ताकि आंकडों में विसंगति पाये जाने पर मार्च पूरक लेखे में संशोधन शामिल किया जा सके। मार्च पूरक लेखा दिनांक 15-06-2021 तक पूर्ण किया जाना है। समय से मिलान न कराये जाने की स्थिति में लेखा सम्बन्धी किसी भी विसंगति पाये जाने पर खंड पूरी तरह से उत्तरदायी होगा।

यह पत्र उप महालेखाकार महोदया के अनुमोदनोपरांत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

वरि. लेखाधिकारी/नि.स.(प्र.)

पत्रांक- ले.ह.-2/03/ 112 / TR.No. 38 **दिनांकः** 04/06/2021

प्रतिलिपि-

1) समस्त अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय से प्रेषित कि अपने खण्ड का चतुर्थ त्रैमासिक विभिन्नता विवरण मिलान हेतु दिनांक 08-06-21 तक इस इस कार्यालय में प्राप्त करायें।
2) समस्त खंडीय अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि यह सुनिश्चित कर लें कि मिलान हेतु विभिन्नता विवरण प्रेषित करने से पूर्व इस कार्यालय की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों से मिला लिया गया है।
3) सहायक लेखा अधिकारी/कंप्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित की इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

वरि. लेखाधिकारी/नि.स.(प्र.)

कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II उ.प्र., प्रयागराज

पत्रांक- ले.ह.-2/03/ **दिनांकः** __/06/2021

सेवा में,

वित्त नियंत्रक,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ

विषय- वित्तीय वर्ष 2020-21 के चतुर्थ त्रैमास के आंकड़ों का मिलान कराने के संबंध में।

महोदय,

खंडो द्वारा चतुर्थ त्रैमास के आंकड़ों के मिलान हेतु विभिन्नता विवरण प्रपत्र इस कार्यालय में पूर्व निर्धारित तिथि 25 मई तक प्राप्त हो जाने चाहिए थे किन्तु दिनांक 04-06-2021 तक लोक निर्माण विभाग के 234 खंडों में से केवल 123 खंडों के विभिन्नता विवरण मिलान हेतु प्राप्त हुए हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से अधीनस्थ अधिकारियों को मिलान हेतु चतुर्थ त्रैमासिक विभिन्नता विवरण निर्धारित प्रारूप में दिनांक 08-06-2021 तक इस कार्यालय में प्राप्त कराने हेतु निर्देशित करें ताकि आंकडों में विसंगति पाये जाने पर मार्च पूरक लेखे में संशोधन शामिल किया जा सके। मार्च पूरक लेखा दिनांक 15-06-2021 तक पूर्ण किया जाना है। समय से मिलान न कराये जाने की स्थिति में लेखा सम्बन्धी किसी भी विसंगति पाये जाने पर खंड पूरी तरह से उत्तरदायी होगा।

यह पत्र उप महालेखाकार महोदया के अनुमोदनोपरांत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

वरि. लेखाधिकारी/नि.स.(प्र.)

पत्रांक- ले.ह.-2/03/ 113 / TR.No 39 **दिनांकः** 04/06/2021

प्रतिलिपि-

1) समस्त अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय से प्रेषित कि अपने खण्ड का चतुर्थ त्रैमासिक विभिन्नता विवरण मिलान हेतु दिनांक 08-06-21 तक इस इस कार्यालय में प्राप्त करायें।
2) समस्त खंडीय अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि यह सुनिश्चित कर लें कि मिलान हेतु विभिन्नता विवरण प्रेषित करने से पूर्व इस कार्यालय की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों से मिला लिया गया है।
3) सहायक लेखा अधिकारी/कंप्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित की इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

वरि. लेखाधिकारी/नि.स.(प्र.)